सब से सुन्दर सबसे प्यारा

सबसे सुंदर सबसे प्यारा मेरा बाबा तेरा धाम,
सब पर यू ही कृपा करना मेरे तू घनश्याम,
कन्हैया मुरली वाले ओ बाबा श्याम हमारे.....

मेरे बाबा खाटू वाले तुम ही हो प्राणों प्यारे,
तेरे बिना इस जीवन में छाए बादल काले,
दूर करो तुम दुखड़े सारे आये तेरे द्वार,
कन्हैया मुरली वाले.......

मैं दुखिया तेरे दर पे बाबा कब से आस लगाऊ,
नैनो की प्यास बुझा दे जब द्वार तुम्हारे आऊं,
तेरी जय जय कार लगाऊं सुन लो मेरी पुकार,
कन्हैया मुरली वाले.......

हमने तो सुना है बाबा हारे का तू हो सहारे,
मेरी बीच भंवर में नईया अब तू ही लगा किनारे,
भगत तेरे ये आरती उतारे जपे सुबह और शाम,
कन्हैया मुरली वाले.......

मेरे बाबा शीश के दानी जो द्वार तुम्हारे आए,
मंसा पूरी कर दे ना पल भर की देर लगाए,
अजब बैसला तुम्हे मनाए कर दो घट मै वास,
कन्हैया मुरली वाले.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29366/title/sabse-sundar-sabse-pyara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |